


## खबर संक्षेप

### खड़े ट्रक से टकराने से बाइक सवार की मौत

**महासमुंद**। सड़क किनारे खड़ी ट्रक से टकराने से बाइक चालक की मौत हो गई। मामले को लेकर सिंघोड़ा थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि गजानंद विशाल पिता जधु विशाल (25 साल) सागरपाली 13 अगस्त को चौधरी ढाबा से खाना पार्सल कराकर अपने मोटर सायकल सीजी 06 एचडी 1884 से घर जा रहा था, तभी बाबू ढाबा के सामने बिना इंडीकेटर जलाये खड़े ट्रक क्रमांक ओडी 17 पी 0045 में टकराकर एक्सीडेंट हो गया, जिससे गजानंद विशाल के सिर व सीने में गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 106(1) भारतीय न्याय संहिता के तहत दर्ज किया गया है।

### दो वाहन चोरों को दबोचा 2 मोटरसाइकिल बरामद

**मैनपुर**। पुलिस की एक पेट्रोलिंग टीम धवलपुर की ओर जा रही थी। दबनई नाले के पास स्पलेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक CG 04 L 6411 पर सवार दो लोग संदिग्ध लगे। ननचू उर्फ फलेश्वर उर्फ फनेश्वर बघेल और शुभम सोनी ने वाहन के दस्तावेज नहीं दिखाया। पुलिस ने चोरी की एक और मोटरसाइकिल को सिकासेर चौक के पास से बरामद किया।

### बस्तर में बढ़ते धर्मांतरण को लेकर उठाए जाएंगे ठोस कदम : सीएम

# सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर कर रही काम चावल में गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

**सीएम विष्णुदेव साय ने कहा है कि सरकार जीरो टालरेंस की नीति पर कार्य कर रही है। पीडीएस चावल में गड़बड़ी करने वाले बख्शे नहीं जाएंगे। उन्होंने कहा कि धर्मांतरण को लेकर सरकार विधानसभा में विधेयक लाएगी।**

खास खबर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय रविवार को शहर पहुंचे। सीएम वन विद्यालय परिसर में आयोजित आदिवासी जनजाति धुरवा समाज के नवाखाई कार्यक्रम में शिरकत कर समाज के नए भवन का लोकापर्ण किया। कार्यक्रम पश्चात सीएम मीडिया से रूबरू हुए। 3 करोड़ राशन दुकानों से चावल अनियमितता होने और गड़बड़ी में सम्मिलित लोगों पर कारवाई को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते कहा कि गड़बड़ी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कही पर घोटाला या गड़बड़ी की शिकायत मिलती है, तत्काल कारवाई की जा रही है। सरकार जीरो टारलेन्स की नीति पर काम कर रही है। विदित हो कि बस्तर जिले में 6 हजार क्विंटल पीडीएस के चावल की हुई कालाबाजारी का मामला कुछ दिन पहले प्रकाश में आया था। इस मामले को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि पीडीएस चावल घोटाला के मामले कहीं भी मिल रहे हैं, उसमें लगातार कार्रवाई की जा रही है।



#### बस्तर का नवाखाई त्यौहार आदिवासियों की प्राचीन परम्परा में से एक

मुख्यमंत्री साय ने कहा कहा कि धुरवा समाज का नवाखाई त्यौहार आदिवासियों की प्राचीन परंपराओं में से एक है जिसमें नए चावल का पहले भोग देवी- देवताओं को लगाया जाता है। उसके बाद उसे खाया जाता है। बस्तर के आदिवासियों की यह संस्कृति और परंपरा प्राचीन समय से चली आ रही है। सीएम ने कहा कि धुरवा और माहरा दोनों ही समाज द्वारा सरकार से कुछ मांगें रखीं गईं हैं, इसे भी पूरा करने की कवायद सरकार द्वारा की जा रही है।

#### धर्मांतरण रोकने विधेयक लाएगी सरकार

सीएम ने कहा कि बस्तर में धर्मांतरण एक बड़ी समस्या है। आदिवासियों का मतांतरण करना बस्तर में जारी है जिससे आदिवासी संस्कृति और परंपरा को खतरा है। कई मामलों में सरकार के द्वारा कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में विधानसभा सत्र में विधेयक लाया जा रहा है। गौरतलब है कि एक तरफ जहां मुख्यमंत्री आदिवासी जनजातियों के साथ मिलन समारोह मना रहे हैं। नवाखानी कार्यक्रम में भी शामिल हो रहे हैं। वही आदिवासी जनजातियों के आइडल शहीद वीर गुंडाधुर के छठवीं पीढ़ी ने भी धर्मांतरण कर लिया है। खास बात यह है कि बस्तर में सबसे ज्यादा धर्मांतरण ग्रामीण अंचलों में हुआ है। फिलहाल धर्मांतरण रोकने सरकार अब इस पर ठोस कदम उठाने की बात कह रही। इस दौरान डिप्टी सीएम और गृहमंत्री विजय शर्मा, वनमंत्री केदार कश्यप, प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव मौजूद रहे।

### आक्रोशित ग्रामीणों से पुलिस की झड़प

## कामठी में दुर्गा पंडाल उखाड़ा भगवा ध्वज को पैरों से रौंदा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

पंडरिया ब्लॉक अंतर्गत कुकदूर थाना क्षेत्र के ग्राम कामठी में नवरात्रि के अवसर पर धार्मिक विवाद गहराने से तनाव की स्थिति बन गई। कुछ लोगों द्वारा गांव में स्थापित दुर्गा पंडाल को उखाड़ फेंका गया। वहीं लगे भगवा झंडे को पैरों से मारते हुए नीचे गिरा दिया गया।



इस घटना से ग्रामीण आक्रोशित हो उठे और उन्होंने जमकर विरोध किया। मौके पर मौजूद पुलिस बल ने स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की, लेकिन ग्रामीणों और पुलिस के बीच तीखी झड़प हो गई। धक्का-मुक्की और बल प्रयोग हुआ, जिसमें कई लोगों को चोटें आई हैं। जानकारी के मुताबिक ग्राम कामठी का शिव मंदिर लगभग 10वीं–11वीं शताब्दी का बताया जाता है। यह मंदिर स्थानीय लोगों की आस्था का केंद्र है, जहां वर्षों से हिंदू समाज पूजा-अर्चना करता आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ वर्षों से कुछ लोगों द्वारा इस मंदिर पर अधिकार जताया जा रहा है। ये लोग मंदिर परिसर में पारंपरिक सनातन पूजा-पद्धति का विरोध करते हैं। इसे लेकर सनातनी ग्रामीणों के बीच लगातार विवाद की स्थिति बनी रहती है।

#### उपद्रव करने वालो को बख्शा नहीं जाएगा

पुलिस अधीक्षक कबीरधाम धर्मेंद्र सिंह छवाई ने कहा कि ग्राम कामठी में दुर्गा पंडाल लगाने से रोकने की कोशिश करने वालों को कड़ा संदेश दिया है। स्पष्ट कहा है कि दुर्गा पंडाल यहीं स्थापित होगा। आस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। उपद्रव की मंशा रखने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। स्थिति को नियंत्रित रखने के लिए भारी पुलिस बल तैनात किया गया है।



